(iv) वर्ष 2012 या उसके बाद नियुक्त शिक्षक हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हो।

(क) उक्त प्रावधान 2012 या उसके बाद नियुक्त जिला परिषद्/नगर निकाय अन्तर्गत नियुक्त शिक्षकों पर लागू होगा।

(ख) वर्ष, 2012 से पूर्व नियुक्त पंचायती राज/नगर निकाय संस्था अन्तर्गत नियुक्त शिक्षकों के लिए दक्षता परीक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक होगी।

(ग) विभिन्न बोर्डों यथा–CBSE/ICSE/BSEB से संबद्ध विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के लिए दक्षता परीक्षा/पात्रता परीक्षा का प्रावधान लागू नहीं होगा।

(v) अनुभवः–

(क) राज्य सरकार के विद्यालय में पंचायती राज संस्था एवं नगर निकाय संस्था अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम 08 वर्ष की लगातार सेवा।

(ख) सी॰बी॰एस॰ई॰/आई॰सी॰एस॰ई॰/बी॰एस॰ई॰बी॰ से स्थायी संबद्धता प्राप्त विद्यालय में माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम 12 वर्ष की लगातार सेवा।

(ग) राज्य सरकार के विद्यालय में पंचायती राज संस्था एवं नगर निकाय संस्था अन्तर्गत उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम 04 वर्ष की लगातार सेवा।

(घ) सी॰बी॰एस॰ई॰/आई॰सी॰एस॰ई॰/बी॰एस॰ई॰बी॰ से स्थायी संबद्धता प्राप्त विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर न्यूनतम 10 वर्ष की लगातार सेवा।

उक्त अवधि की गणना योगदान की तिथि अथवा प्रशिक्षण अर्हता प्राप्त करने की तिथि, जो बाद की तिथि हो, के आधार पर की जाएगी।

**नोटः–पंचायती राज संस्थान/नगर निकाय संस्थान के शिक्षकों द्वारा अपने संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक (प्रभारी सहित) द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा, किन्तु चयन के उपरान्त नियुक्ति के समय जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित अनुभव प्रमाण पत्र मान्य किया जायेगा।**

**सी॰बी॰एस॰ई॰/आई॰सी॰एस॰ई॰/बी॰एस॰ई॰बी॰ से स्थायी संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों का अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक के स्तर से निर्गत किया गया मान्य होगा। इस हेतु विहित प्रारूप आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।**

- यदि पूर्व में CBSE/ICSE/BSEB द्वारा मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षक के पद पर नियुक्त होकर कार्यरत रहे हो एवं बाद में पंचायतीराज/नगर निकाय संस्था में माध्यमिक/उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर नियुक्त होकर कार्यरत रहने की स्थिति में प्राप्त अनुभव दोनों तरह के विद्यालयों की अनुभव अवधि को एक साथ जोड़ कर न्यूनतम 12 वर्ष की अनुभव अवधि मान्य होगी।
- यदि पूर्व में CBSE/ICSE/BSEB द्वारा मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर नियुक्त होकर कार्यरत रहे हो एवं बाद में पंचायतीराज/नगर निकाय संस्था में उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर नियुक्त होने की स्थिति में प्राप्त अनुभव दोनों तरह के विद्यालयों की अनुभव अवधि को एक साथ जोड़ कर न्यूनतम 10 वर्ष की अनुभव अवधि मान्य होगी।
- कम्प्यूटर, संगीत, ललितकला एवं नृत्य शिक्षक द्वारा प्रधानाध्यापक के पद पर आवेदन करने की स्थिति में–

  अर्हता संबंधित विभागीय आदेश में कम्प्यूटर, संगीत, ललितकला एवं नृत्य शिक्षक की नियुक्ति हेतु बी॰एड॰/बी॰ए॰एड॰/बी॰एससी॰एड॰ की डिग्री की अनिवार्यता नहीं है। किन्तु उक्त कोटि के शिक्षक यदि सेवा काल में या पूर्व से बी॰एड॰/बी॰ए॰एड॰/बी॰एससी॰एड॰ की डिग्री धारित करते हो तथा अन्य शिक्षकों की तरह अनुभव एवं योग्यता प्राप्त किया हो, आवेदन कर सकते हैं।

(vi) उम्र सीमाः–पंचायती राज संस्थान एवं नगर निकाय संस्थान अन्तर्गत कार्यरत शिक्षक के लिए न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा अलग से निर्धारित नहीं की जाएगी। सी॰बी॰एस॰ई॰/आई॰सी॰एस॰ई॰/बी॰एस॰ई॰बी॰ से संबद्धता प्राप्त विद्यालय कार्यरत शिक्षकों के लिए दिनांक–01.08.2023 को न्यूनतम आयु 31 वर्ष तथा अधिकतम अनारक्षित (पुरूष)–47 वर्ष, पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)–50 वर्ष, अनारक्षित (महिला)–50 वर्ष तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)–52 वर्ष। वार्द्धक्य सेवानिवृति की आयु 60 वर्ष निर्धारित है।

(a) शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रधानाध्यापक के लिएः–_कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के पत्रांक– 212, दिनांक– 23.01.2006 के आलोक में वैसे उम्मीदवार जो दिनांक–01.08.2022 से 01.08.2023 तक उपर्युक्त वर्णित अधिकतम उम्र सीमा के आधार पर पात्रता रखते हैं, भी प्रस्तुत विज्ञापन के लिए सुपात्र होंगे, बशर्ते वे अन्य अर्हताएँ पूरी करते हों एवं नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नोटः– उम्र सीमा में उक्त छूट अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत प्रधानाध्यापक पद के लिए मान्य नहीं है।**

(b) कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प ज्ञापांक–2374, दिनांक–16.07.2007 एवं सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–22218, दिनांक–12.12.2022 के आलोक में बिहार सरकार के ऐसे सरकारी सेवक (बिहार सरकार के नियमित रूप से नियुक्त सरकारी सेवक), जो तीन वर्षों की निरंतर सेवा पूर्ण कर

Karmasandhan.com

